# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–10 दिसम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कालचक्र किसी की परवाह नहीं करता। इसका प्रवाह निरन्तर चलता रहता है, इसलिये हमें खुद को समय की धारा के अनुरूप तैयार करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के अनुरूप खुद को तैयार न कर पाने वाले पीछे छूट जाते हैं। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर छात्रों और शिक्षकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी के मोबाइल फोन पर ज्यादा समय बिताने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी मोबाइल के उपयोग के अनावश्यक अत्यधिक समय बिताने से बचें। उन्होंने छात्रों को नसीहत दी कि वे अपना समय प्रकृति के बीच, रचनात्मक कार्यों, अध्ययन और कौशल विकास की गतिविधियों में बितायें ताकि एक बेहतर भविस्य बना सकें। इस अवसर पर समाज सुधारक और नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि करूणा का भूमण्डलीकरण करना समय की मांग है। करूणा को सिर्फ दया या परोपकार की तरह नहीं लिया जा सकता। यह सामान्य मानवीय गुण नहीं, बल्कि दैवीय शक्ति है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में चेतना और प्रज्ञा की यात्रा में करूणा के महत्व को समझना होगा। समारोह में मुख्यमंत्री ने शिक्षा एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

**********

आज उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में सार्वभौम घोषणा की याद में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां हैं। राष्ट्रपति ने सभी के अधिकारों और गरिमा की सुरक्षा करने वाले समान डिजिटल वातावरण को सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी है, लेकिन इससे साइबर बुलिंग, डीप फेक, गोपनीयता संबंधी चिंताएं और गलत सूचना के प्रसार जैसे मुद्दे भी सामने आये हैं। इसी क्रम में प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, अमरोहा, गोरखपुर और बस्ती समेत कई जिलों में गोष्ठी और रैली निकाल कर मानवाधिकार के बारे में आम जन को जागरूक किया गया। ,

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों से आये डेढ़ सौ से अधिक लोगों की समस्यायें सुनीं और सम्बन्धित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जाए। जमीन कब्जा करने वाले, कमजोरों के घर उजाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाय।

**********

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण के तीन साल पूरे होने पर आज से मंदिर परिसर में उत्सव मनाया जा रहा है। बारह दिसम्बर से महारूद्र पाठ शुरू होगा और तेरह दिसम्बर को काशी विश्वनाथ धाम में स्थित सभी देव विग्रहों का अभिषेक किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस में संस्कृति का भी संगम दिखाई देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार महाकुंभ के दौरान गायन–वादन, नृत्य समेत हर विधा के कलाकारों को मंच मुहैया करायेगी। दस जनवरी से चौबीस फरवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा, जिसमें कवि सम्मेलन भी शामिल है। कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों के कवि भी शामिल होंगे। सरकार की ओर से कवि विष्णु सक्सेना, बुद्धिनाथ मिश्र, अशोक चक्रधर, हरिओम पवार, कुमार विश्वास, शैलेष लोढ़ा, मनोज मुंतशिर, विनीत चौहान, अनामिका अम्बर, गजेन्द्र सोलंकी, दिनेश रघुवंशी और सुनील जोगी जैसे बड़े कवियों का काव्यपाठ प्रस्तावित किया गया है।

**********

स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण की कल से शुरूआत होगी। इस अवसर पर देश में भर इक्यावन केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में मेरठ के शोभित विश्वविद्यालय में ग्यारह और बारह दिसम्बर को कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को उनके दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिये एक मंच प्रदान करना और नवाचार की संस्कृति और समस्या समाधान की मानसिकता को प्रोत्साहित करना है।

**********

परिवहन निगम के पन्द्रह हजार कर्मचारियों का महंगाई भत्ता आठ प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। अभी तक उन्हें अड़तीस प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था जो बढ़कर छियालीस प्रतिशत हो गया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि महंगाई भत्ता बढ़ने से परिवहन निगम पर करीब पांच करोड़ रूपये का अतिरिक्त भार आयेगा।

**********